पंजाब पुलिस में दो आईपीएस व दो पीपीएस अधिकारियों के तबादले...

RNI No. PUNBIL/2014/59416

UTURN TIME

# यूटर्न टाईम

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

JAN HETAISHI
JAN JAN KI BAAT
A Venture of UTURN TIME
/janhetaishi

VOL:01 | ISSUE:86 | MONDAY, DATE: 11-04-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

### आप-कांग्रेस के सियासी-टकराव में हादसों का खतरा !

## ‘जनता की मांग’ पर गोगी ने खुलवाया सदर्न बाइपास पर जवद्दी-कट

### सुझाव, कट खुलना समस्या का हल नहीं हादसों से बचाव को एक और पुल बनाएं

लुधियाना/यूटर्न/11 अप्रैल। आम आदमी पार्टी के विधायक इन दिनों ‘एक्शन-मोड’ में होने की वजह से जोश-खरोश में फैसले ‘ऑन द स्पॉट’ वाली नीति पर चल पड़े हैं। मसलन, सोमवार को लुधियाना वैस्ट हल्के के विधायक गुरप्रीत बस्सी उर्फ गोगी सदर्न बाइपास पहुंचे। उन्होंने ‘जनता की मांग’ पर फौरन जेसीबी मंगवाकर जवद्दी गांव वाला बाइपास का बंद किया कट खुलवा दिया।




**गोगी की दलील :** इलाका विधायक ने तर्क दिया कि इलाके की दर्जनभर कालोनियों के लोगों को कट-बंद रहने से भारी परेशानी हो रही थी। उनकी मांग थी कि कट बंद होने से तमाम लोगों को डेढ़ किमी तक घूमकर जरूरी कामों के लिए जाना पड़ता था। खासतौर पर कट के दूसरी तरफ श्मशानघाट जाने में बुजुर्गों को दिक्कत आती थी। लिहाजा जनता की समस्या फौरन हल करते हुए कट खुलवा दिया गया। इसके बंद रहने से ऐसा लगता था कि जैसे भारत-पाकिस्तान का बॉर्डर बना हो।



#### समर्थक ने ही दिए खतरे के संकेत

कट खुलने से उत्साहित इलाके के एक बुजुर्ग बोले कि इस बाइपास को क्रॉस करते वक्त कई बार हादसे हो चुके हैं। जाहिर है कि कट बंद होने की स्थिति में जब हादसे हुए तो उसके खुल जाने पर खतरा और ज्यादा बढ़ेगा। एक्सपर्ट भी कहते हैं कि हाइवे और ऐसे बाइपास पर कट इसलिए नहीं रखे जाते, ताकि फ्लो में आने वाले ट्रैफिक के कारण हादसों का खतरा नहीं रहे। इस बाइसपास के दोनों तरफ जवद्दी गांव, दुगरी, प्रकाश कालोनी, करनैल सिंह नगर, पंजाब माता नगर समेत दर्जनभर से ज्यादा कालोनियों के लोगों की भी रोजाना आवाजाही रहती है। जबकि बाइपास के लिए ट्रैफिक के आने-जाने के लिए एक ही पुल है।

#### सुझाव की समस्या जड़ से खत्म हो



इसी इलाके के पूर्व कौंसलर सतविंदर जवद्दी के मुताबिक यह कट खुलने से बेशक जनता को राहत मिली है। साथ ही उनका सुझाव है कि समस्या जड़ से खत्म होनी चाहिए। यदि हादसे रोकने को कट बंद किया गया था तो उसका बुनियादी हल किया जाए। मसलन, यहां एक पुल और बनवाने के लिए तेजी से प्रयास हो।

## विकास, विनाश, हल

महानगर लुधियाना की कहानी कुछ ऐसी ही है, यहां लंबे समय से विकास के नाम पर विनाश होता रहा है, लेकिन समस्या का कभी स्थाई हल नहीं निकाला गया। नतीजतन आगे दौड़, पीछे चौड़े वाली स्थिति रही है। फिलहाल भी वही हो रहा है, आप सरकार के दौर में फिलहाल तक बीमारी को जड़ खत्म करने की बजाय सिर्फ बीमारी टालने की कोशिश हो रही है। जबकि होना तो यह चाहिए था कि समस्या को जड़ खत्म करते। खैर, अभी उम्मीदें बाकी हैं, आप सरकार के नुमाइंदे कुछ बेहतर करेंगे। सिर्फ एक ही सुझाव है कि ये जनप्रतिनिधि सजग रहते हुए जनता का दर्द समझें और उनकी समस्याएं जड़ खत्म करने के लिए ठोस कदम उठाएं।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

### कोरोना से बचाव की यह कैसी मुहिम

## प्राइवेट वैक्सीनेशन सेंटरों पर बूस्टर डोज लगा तो रहे, मगर कीमत के बारे में भ्रम

लुधियाना/यूटर्न/11 अप्रैल। अब कोरोना के संभावित वैरिएंट से बचाव के लिए बेशक जिले में भी 18 साल से ज्यादा उम्र वाले लोगों को प्राइवेट वैक्सीनेशन सेंटरों पर बूस्टर डोज लगने लगी है, लेकिन भ्रम की स्थिति बनी है। कई निजी वैक्सीनेटर यह स्पष्ट नहीं कर पा रहे हैं कि कितना कीमत देनी होगी। यह भ्रम की स्थिति दरअसल इसलिए बताई जा रही है कि कई निजी सेंटरों के पास कोरोना वैक्सीन का पुराना स्टॉक पड़ा हुआ है। तब उन्होंने महंगी कीमत पर वैक्सीन कंपनियों से खरीदी थीं। ऐसे में निजी वैक्सीनेशन सेंटर दुविधा में घिरे हैं कि वह बूस्टर डोज के लिए अब कीतनी कीमत वसूलें। अगर वह महंगी खरीद वैक्सीन सस्ती में लगाते हैं तो उन्हें नुकसान होगा। इसलिए अभी वह बूस्टर डोज की कीमत को लेकर कुछ भी नहीं बोल रहे है।



## नौकरी का झांसा देकर करता रहा दुष्कर्म, गर्भवती होने पर हुआ भंडाफोड़

### अग्र नगर का मामला, आरोपी गांव दाद का

लुधियाना/यूटर्न/11 अप्रैल। शहर के पॉश इलाके अग्र नगर में करीब 19 साल की एक युवती को अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर शातिर युवक ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। जब उसे गर्भवती होने पर चार महीने बाद पेट दर्द होने के बाद परिजनों ने चैक कराया तो मामले का भंडाफोड़ हुआ। थाना सराभा नगर की पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया, हालांकि भनक लगते ही गांव दाद निवासी बिंदा राम नामक आरोपी फरार हो गया। दर्ज शिकायत के मुताबिक पीड़िता फिरोजपुर रोड पर लगती झुग्गियों में रहने वाली है, जो अग्र नगर की कोठियों में सफाई का काम करती है। करीब पांच महीने वाले अग्र नगर के ए-ब्लॉक वाले पार्क में माली का काम करने वाले आरोपी युवक बिंदा राम से उसकी मुलाकात हुई थी। वह उसे किसी और कोठी में ज्यादा पैसों पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक पार्क में ले गया व उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद ऐसा कई बार किया। जब 28 मार्च को पेट में दर्द होने पर उसकी मां डॉक्टर के पास ले गई। चैक करने पर पता चला कि उसके चार महीने का गर्भ है।



## भीषण गर्मी से लोग परेशान, कल भी चलेगी लू

### कई शहरों में 43 डिग्री के पार तापमान अभी दो दिन झुलसाने वाली गर्मी रहेगी

लुधियाना/यूटर्न/11 अप्रैल। फिलहाल प्रदूषण के मामले में संवेदनशील इस इंडस्ट्रियल सिटी में भी गर्मी अपना कहर बरपा रही है। कई दिन से भीषण गर्मी की चपेट में आए जिले में झुलसा देने वाली लू यानि गर्म हवाएं चल रही हैं। सोमवार को भी तापमान दोपहर में 40 डिग्री के पार तक पहुंचा। यह 11 साल में पहला मौका है, जब अप्रैल के दूसरे सप्ताह में ही तापमान 40 डिग्री को पार कर गया। मंगलवार को पंजाब के अधिकांश इलाकों में दिन के समय में गर्म हवाएं चलीं। लू के थपेड़े लोगों को झुलसाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। ऐसे में लोगों को बचकर रहना चाहिए। मौसम विभाग के मुताबिक 13 अप्रैल से हिमाचल के ऊपरी इलाकों में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय हो रहा है। जिससे हिमाचल में बादल छाए रह सकते हैं और बारिश के भी आसार हैं। इसका असर पंजाब के कई जिलों पर भी पड़ेगा। हिमाचल की बारिश पंजाब के कई जिलों को एक-दो दिन के लिए गर्मी से राहत दिलाएगी।



● झुलसा देने वाली गर्मी में मजबूरन साइकिलों-दोपहिया वाहनों पर निकले लोग बेहाल नजर आए।

## मंगलवार को शहर के कई इलाकों में नहीं रहेगी बिजली

लुधियाना/यूटर्न/11अप्रैल। कल यानि मंगलवार 12 अप्रैल को पीएसपीसीएल 11 केवी फीडरों की मरम्मत की मुहिम चलाएगा। विभागीय स्तर से मिली जानकारी के मुताबिक मरम्मत कार्य के चलते दोपहर से शाम तक कई फेज में बिजली बंद रहेगी। पीएसपीसीएल के जनसंपर्क अधिकारी गोपाल शर्मा पिंटा के मुताबिक इस दौरान दोपहर एक से शाम 3.30 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। जिससे प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में घुमार मंडी, माया नगर, महाराज नगर, दयाल नगर, टैगोर नगर, रोज गार्डन, माल रोड, क्लब रोड, उपकार नगर, कॉलेज रोड, कब्रिस्तान रोड, चंपा स्ट्रीट, ग्रीन पार्क शामिल हैं। इनके अलावा राजिंदर नगर, बिंद्राबन रोड, जंडु चौक, कैलाश चौक, डीसी निवास, अधिकारी निवास, सदर थाना रोड, रानी झांसी रोड, राख बाग के आसपास का क्षेत्र, शाही मोहल्ला और आसपास के इलाके में भी बिजली सप्लाई इस दौरान बंद रखी जाएगी।



## संगरुर एसएसपी के जरुरतमंद स्टूडेंट्स की मदद वाले सराहनीय अभियान का ‘सम्मान’

### ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन राजिंदर गुप्ता ने दिया 21 लाख का आर्थिक योगदान

#### ● आत्महत्या करने वाले किसानों की बच्चियों को पढ़ाई में मदद मिलेगी

लुधियाना,संगरुर / यूटर्न / 11 अप्रैल। इंडस्ट्रियल सिटी लुधियाना के साथ ही संगरुर से भी ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन पदमश्री राजिंदर गुप्ता का गहरा भावनात्मक रिश्ता है। समाजसेवा के कार्यों में हमेशा आगे रहने वाली शख्सियत ने एक और सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने जरुरतमंद परिवारों की होनहार बच्चियों की पढ़ाई में आर्थिक मदद के लिए 21 लाख रुपये की अमूल्य राशि देने का ऐलान किया है। यहां काबिलेजिक्र है कि संगरुर के एसएसपी मनदीप सिंह ने बीते दिनों चार्ज संभालने के बाद कानून-व्यवस्था सुधारने के अलावा नैतिक जिम्मेदारी के तहत समाजसेवा को लेकर बड़ा ऐलान किया था। जिसके मुताबिक एसएसपी पद पर रहते हुए वह अपने पहले वेतन से 51 हजार रुपये जरुरतमंद परिवारों की बच्चियों की पढ़ाई में मदद के लिए देंगे। साथ ही जब तक इस पद पर रहेंगे, बाद में हर महीने 21 हजार रुपये का योगदान लगातार अपने वेतन से ही किया करेंगे। उन्होंने भावुक होकर कहा था कि दुर्भाग्य से जिन किसानों व खेत-मजदूरों ने कर्जे-आर्थिक संकट के चलते आत्महत्या कर ली, खासतौर पर ऐसे परिवारों की बेटियां सबसे मजबूर हैं। उनकी पढ़ाई तक छूट गई या ऐसी नौबत आ रही है। लिहाजा वह ऐसे परिवारों की मदद के लिए लोगों का ग्रुप यानि एनजीओ नहीं बनाना चाहते, ताकि बाद में कोई उन पर उंगली न उठाए।



▸ चेयरमैन राजिंदर गुप्ता



▸ अंधेरे में है ऐसी ही बच्चियों का भविष्य...



▸ एसएसपी मनदीप सिंह सिद्धू

#### उनका तरीका, अपील रंग लाई

एसएसपी सिद्धू ने जिस तरह इस नेक मुहिम की शुरुआत निजी स्तर पर की, जाहिर तौर पर उनकी यह कोशिश रंग लाई। उनके मुताबिक प्रतिष्ठित उद्योगपति पदमश्री राजिंदर गुप्ता ने इस मुहिम में बड़ा योगदान करते हुए सीधे 21 लाख रुपये का सहयोग करने का ऐलान कर दिया। फिलहाल इस मुहिम में उनकी यह मदद अमूल्य योगदान है। साथ ही जैसा कि समाज में तमाम लोगों से भी उन्होंने नैतिक जिम्मेदारी निभाने की अपील की थी, जाहिरतौर पर इस योगदान की पहल से सबको प्रेरणा मिलेगी।

# मौसम की दोहरी मार, अब डेंगू का खतरा

## गर्मी में लार्वा पनपेगा, जिले में 90 हाई-रिस्क एरिया



लुधियाना/यूटर्न/11 अप्रैल। वक्त से पहले ही भीषण गर्मी पड़ने के कारण बेहाल लोगों पर अब दोहरी मार पड़ने का खतरा है। दरअसल तेजी से बढ़ा तापमान डेंगू के लार्वा को पनपने के लिए मुफीद साबित होगा। लिहाजा सेहत महकमा इस भावी-खतरे को भांपते हुए अलर्ट हो गया है। डेंगू के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए सेहत महकमे ने जिले में 90 हाई-रिस्क एरिया चिन्हित किए हैं। जिनमें बाकायदा सर्वेक्षण अभियान भी शुरु किया जा चुका है। यहां काबिलेजिक्र है कि अभी डेंगू मरीजों के आने का आइडियल-टाइम है। जबकि डेंगू मच्छर का लार्वा 10 से 40 डिग्री तापमान में आसानी से पैदा हो सकता है। ऐसे में मौजूदा तापमान उसके अनुकूल हो चुका है। लिहाजा सेहत विभाग की चिंता भी बढ़ना स्वभाविक है। ऐसे में पिछले साल की स्थिति के आधार पर एक्शन प्लान तैयार करने के लिए विभागीय अधिकारियों को कहा गया है।

सिविल सर्जन डा. एसपी सिंह का कहना है कि कोरोना के मामले अब बहुत कम हो गए हैं। जिस तरह समय से पहले भीषण गर्मी पड़ने लगी है इसे देखते हुए जिले के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों के सीनियर मेडिकल अफसरों के साथ एंटी लार्वा टीमों को अलर्ट कर दिया गया है। डेंगू के हाई रिस्क एरिया में डोर टू डोर लार्वा की जांच शुरू कर दी है। जिन एरिया में पिछले साल व इससे पहले के सालों में डेंगू के मरीज मिलते रहे हैं वहां टीमें रोजाना जाकर घरों में कूलर, कंटेनर और छतों पर वेस्ट पड़े सामान की जांच करेंगी। हालांकि फिलहाल कहीं पर भी लार्वा नहीं मिला है। यहां गौरतलब है कि साल जिले में स्वास्थ्य विभाग ने 90 से अधिक हाई रिस्क एरिया चिन्हित किए हैं। इन एरिया में लार्वीसाइड का स्प्रे किया जा रहा है।

सभी एसएमओ को कहा गया है कि वे अस्पतालों के अंदर और क्षेत्र में जागरूकता अभियान शुरू कर दें। अगर किसी अस्पताल में डेंगू का मरीज आता है, तो तुरंत उसकी रिपोर्ट करें। निजी अस्पतालों को भी निर्देश जारी कर दिए गए हैं। गौरतलब है कि साल 2010 के बाद 2012 में डेंगू का जबर्दस्त खौफ रहा था।

## जन्मदिन के मौके पर अंगद सिंह को किया याद





लुधियाना / यूटर्न: सोमवार को मॉडल टाउन एक्सटेंशन वेलफेयर सोसायटी द्वारा युवा कारोबारी व साइक्लिस्ट अंगद सिंह बिगबैन को जन्मदिवस पर किया याद। वहीं उनका याद में लगाये पौधे को बढ़ते देख उन्हें किया याद।

# सिद्धू और बग्गा को किया सम्मानित

## गुरुद्वारा फेरुमान साहिब में नतमस्तक हो आप विधायकों ने लिया सेवा का संकल्प

लुधियाना/यूटर्न/11अप्रैल। आम आदमी पार्टी के विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू और चौधरी मदन लाल बग्गा ने सिख शहीदों के स्मारक-प्रतीक गुरुद्वारा शहीदां फेरुमन साहिब ढोलेवाल चौक में मत्था टेका। इस अवसर पर प्रबंधक कमेटी द्वारा उनको सम्मानित किया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवक एडवोकेट बलविंदर सिंह लायलपुरी, उपाध्यक्ष सतपाल सिंह पाल, तेजिंदर सिंह डंग आदि की खास मौजूदगी रही। बाद में आप विधायकों ने कहा कि आम आदमी पार्टी पंजाब के लोगों की पार्टी है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने पंजाब की जनता को भरोसा दिलाया है कि उनसे किए वादे पूरे होंगे। इसके लिए लोगों के सहयोग की बहुत जरूरत होगी। इस समागम में बलजीत सिंह दुखिया, पुरुषोत्तम सिंह वोहरा, जसविंदर सिंह, स्वर्ण सिंह महोली, मोहन सिंह चौहान, इंद्रजीत सिंह मक्कड़, सुरिंदरजीत सिंह मक्कड़, इंद्रजीत सिंह गोला, संदेश, सुरिंदरजीत सिंह मक्कड़, इंद्रजीत सिंह, दविंदर सिंह, परमिंदर सिंह, तरलोचन सिंह, अवतार सिंह, प्रीतम सिंह, जरनैल सिंह भी मौजूद थे।



## कोमल जैन ड्यूक बने श्री आत्मानंद जैन स्कूल कमेटी के अध्यक्ष



लुधियाना / यूटर्न / 11 अप्रैल। श्री आत्मानंद जैन स्कूल कमेटी की बैठक एसएएन जैन स्कूल प्रांगण में हुई। बैठक की शुरुआत नवकार मंत्र के उच्चारण से हुई। इस अवसर पर सर्वसम्मति से नवनियुक्त अध्यक्ष कोमल कुमार जैन ड्यूक की अगुआई में सभी सदस्यों ने गुरु वल्लभ की स्मृति पर जाकर नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कोमल जैन के नेतृत्व में श्री आत्मानंद जैन स्कूल कमेटी की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें कोमल कुमार जैन ड्यूक अध्यक्ष बने। इसके अलावा सीनियर वाइस प्रेसिडेंट रमेश जैन स्वास्तिक, वाइस प्रेसिडेंट अरुण जैन बबला, सेकेट्री मनोहर लाल जैन, फाइनांस सेकेट्री संजय जैन इंद्रा, ज्वाइंट सेकेट्री जितेंद्र जैन, एडमिन सेकेट्री भूषण जैन, मैनेजर अतुल जैन, कोषाध्यक्ष विनोद जैन को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी ने शिक्षा के विस्तार व स्कूल की गतिविधियों पर सुझाव दिए। इस मौके पर कोमल कुमार जैन व भूषण जैन ने कहा कि स्कूल, कालेज में शिक्षा के उत्थान और प्रसाद के लिए योजना चलाते हुए गुरु वल्लभ द्वारा स्थापित इस संस्था को और शिखर तक ले जाने का जो इन सदस्यों ने संकल्प लिया है, वो युवाओं के लिए काफी फायदेमंद होगा। इससे जहां से उच्च स्तरीय शिक्षा ग्रहण कर देश का नाम रोशन करेंगे। हमारी 15 सदस्यीय टीम ने 10 विजिन को लेकर चुनाव लड़े थे। जिसमें जैन समुदाय के लोगों ने शानदार जीत दिलाई है। इस जीत का विश्वास हम नहीं तोड़ेंगे, बल्कि बच्चों के विकास के लिए जो भी कार्य करने होंगे, वो सभी सदस्यों को साथ लेकर आगे बढ़ाएंगे।

## लापरवाही: डीटीओ दफ्तर के आगे लगा सूखे पत्तों का ढेर

# आग लगी तो चपेट में आ सकते हैं खड़े वाहन



लुधियाना / यूटर्न / 11 अप्रैल। झुलसाने वाली गर्मी के दौरान पतझड़ के चलते यहां मिनी सेक्रेटेरिएट स्थित डीटीओ दफ्तर के मेन गेट के सामने ही सूखे पत्तों का बड़ा ढेर बन गया है। दरअसल सफाई कर्मी आसपास का सूखे पत्तों वाला कूड़ा समेटकर यहीं इकट्ठा करके छोड़ जाते हैं। जिसकी वजह से यहां एक नया खतरा पैदा हो गया है।

कूड़े के इसी बड़े ढेर के आसपास कचहरी में कामकाज से आने वाले लोग अपने वाहन पेड़ों की छाया में खड़े कर देते हैं। जबकि कोई रोकटोक न होने के कारण कुछ लोग इसी स्थान पर बीड़ी-सिगरेट भी पीते हैं। अगर उनकी लापरवाही से यहां सूखे पत्तों के ढेर में आग लगी तो आसपास खड़े वाहन भी उसकी चपेट में आ सकते हैं। ऐसे में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। हैरानी की बात यह है कि तमाम वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के दफ्तर भी आसपास हैं। इसके बावजूद कोई भी इस भावी खतरे की तरफ ध्यान देने की जहमत नहीं उठा रहा।

(फोटो व इनपुट : विशाल ढल्ल)

# गुरदासपुर के स्कूल में बच्ची से दुष्कर्म का है मामला

## दुष्कर्म प्रकरण के विरोध में स्कूल बंद रखने की अपील का आंशिक असर



लुधियाना / यूटर्न / 11 अप्रैल। गुरदासपुर में चार साल की बच्ची के साथ स्कूल में दुष्कर्म प्रकरण को लेकर मैनेजर की गिरफ्तारी के विरोध का सोमवार को यहां आंशिक असर ही दिखा। फेडरेशन आफ प्राइवेट स्कूल्स एंड एसोसिएशन आफ पंजाब ने राज्य भर के शिक्षण संस्थानों को बंद करने की कॉल दी थी। एसोसिएशन के सदस्यों का दावा है कि स्कूल की कैमरा रिकार्डिंग में बच्ची ठीक से क्लास जाती है और छुट्टी के दौरान उसकी मां उसे लेकर चली जाती है। पुलिस की ओर से निर्दोष स्कूल प्रबंधन को बेवजह गिरफ्तार किया हुआ है। जबकि दुष्कर्म किसी अन्य जगह हुआ है। हालांकि यह पुलिस जांच का विषय है, लेकिन इसकी प्रतिक्रिया यहां भी देखने को मिली। फेडरेशन की कॉल पर कुछ स्कूल बंद रहे। जबकि ज्यादातर में पढ़ाई होने की जानकारी मिली।

## मोबाइल लौटाने के बदले 500 मांगने वाला एएसआइ सस्पेंड


अमृतसर / यूटर्न / 11 अप्रैल। अमृतसर रेलवे स्टेशन पर तैनात जीआरपी के एएसआइ शीशपाल सिंह को सीएम भगवंत सिंह मान आदेश पर जीआरपी हैड क्वार्टर ने निलंबित कर दिया है। इतना ही नहीं एएसआइ को पटियाला स्थित जीआरपी हैड क्वार्टर में लाइन हाजिर कर सारे मामले के जांच के आदेश दिए हैं। आरोप है कि एएसआइ शीश पाल सिंह ने दिल्ली के पर्यटक अमित कुमार का खोया फोन देने की एवेज में पांच सौ रुपये रिश्वत मांगी थी। रविवार की रात अमित कुमार नाम का युवक ट्रेन से अमृतसर से विशाखापट्टनम जा रहा था। उसका मोबाइल रेलवे स्टेशन पर गिर गया था। किसी तरह मोबाइल एएसआइ के हाथ लग गया। जब अमित ने अपने किसी अन्य दोस्त के मोबाइल से अपने मोबाइल पर रिंग की तो उसे एएसआइ ने उठाया। वह जब मोबाइल लेने जीआरपी थाने पहुंचा तो एएसआइ ने उससे 500 रुपये की मांग की।

## नवमी पर किया हवन यज्ञ, कंजक पूजन



लुधियाना / यूटर्न / 11 अप्रैल। श्री दुर्गा मंदिर व मेघ धर्मशाला कमेटी की ओर से नवमी के अवसर पर मंदिर में कंजक पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें इलाका जवाहर नगर की बहुत सी कंजके पहुंचीं। मंदिर कमेटी के चेयरमैन पृथ्वी राज, वाइस चेयरमैन राम लाल चंघोतरा, प्रधान सिकंदर कुमार के अलावा वरिष्ठ पदाधिकारी गुरदेव भगत, इन्द्रजीत राजू, नीरज संदल, राजेंद्र कुमार, जगजीत कुमार, लवकेश कुमार, पवन कुमार, अशोक कुमार घारू व राज तिलक आदि मौजूद रहे। इन्होंने कंजकों के जल से पैर धोकर, हाथो में मोली बांधकर व माथे पर तिलक लगाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद हलवा, चने व केले का प्रसाद दिया। मंदिर में सुबह हवन यज्ञ का आयोजन पंडित रमाकांत दीक्षित ने कराया। जिसमें पदाधिकारियों व जजमानों ने भी सुख समृद्धि के लिए आहुतियां डालीं।

### जन्मदिन मुबारक



राजपाल अवल



रजनीश शर्मा मोंटी

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
T&C
belfrance bakers & chocolatiers
0161-4612000, 4633305
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार फ्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 – 3
M: 98142-95372

# एलन मस्क नहीं होंगे ट्विटर बोर्ड में शामिल

## पराग अग्रवाल ने कहा- हम उनसे राय लेते रहेंगे, मस्क 9.2 प्रतिशत के साथ सबसे बड़े शेयर होल्डर

नई दिल्ली / यूटर्नः एलन मस्क ट्विटर के बोर्ड में शामिल नहीं होंगे। इसकी जानकारी कंपनी के सीईओ पराग अग्रवाल ने दी है। पराग अग्रवाल ने इसको लेकर ट्विटर पर एक नोट भी शेयर किया है। जिसमें उन्होंने एलन मस्क और उनके बीच बोर्ड में शामिल होने के बीच क्या हुआ इस बात का जिक्र किया गया है। साथ ही यह भी कहा कि ट्विटर के शेयरहोल्डर्स को हम प्रायोरिटी देते हैं। इसलिए हम जरूरत पड़ने पर एलन मस्क की राय लेते रहेंगे। कुछ दिन पहले ही अग्रवाल ने उन्हें बोर्ड में शामिल करने की जानकारी शेयर की थी, लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। पराग अग्रवाल ने अपने ट्वीट के साथ



एक ब्रीफ नोट शेयर किया है। इस नोट में उनका कहना है कि एलन मस्क हमारे बोर्ड को जॉइन नहीं करने का फैसला लिया है। यहां मैं आपसे वह बातें शेयर कर रहा हूं। बोर्ड और मैंने एलन मस्क के बोर्ड में शामिल होने को लेकर कई डिस्कशन किए, खुद एलन से भी सीधे बातचीत हुई है। हम एलन के साथ काम करने को लेकर उत्साहित थे और रिस्क को लेकर भी क्लियर थे।

**एलन मस्क की बोर्ड में जॉइनिंग 9 अप्रैल को होनी थी**

हम कंपनी में एलन को एक जिम्मेदार व्यक्ति के तौर पर शामिल करना चाहते थे। जहां वह दूसरे बोर्ड मेंबर्स के साथ मिलकर कंपनी और हमारे शेयर होल्डर्स के बेस्ट इंटरेस्ट में काम करते। बोर्ड ने उन्हें जगह भी ऑफर की थी। हमने मंगलवार को एलान किया था कि एलन बोर्ड को जॉइन करेंगे। बोर्ड में ऑफिशियली एलन मस्क का अपॉइंटमेंट 9 अप्रैल को होना था, लेकिन एलन ने उसी सुबह बताया कि वह बोर्ड जॉइन नहीं कर सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि उन्होंने यह फैसला बेहतर के लिए लिया होगा। हम हमेशा से और हमेशा अपने शेयरहोल्डर्स के इनपुट को महत्व देते हैं, चाहें वह हमारे बोर्ड में हों या नहीं। एलन मस्क हमारे सबसे बड़े शेयर होल्डर हैं और हम उनके इनपुट के लिए हमेशा ओपन रहेंगे। हमारे गोल और प्रायोरिटीज में कोई बदलाव नहीं होगा। हम क्या फैसला लेते हैं और उसे कैसे लागू करते हैं यह हमारे कंट्रोल में रहेगा किसी और के नहीं। लास्ट में उन्होंने कहा कि चलिए इन सभी बातों को भुलाकर अब हम अपने काम पर फोकस करते हैं।

# अब भारत में भी बनेगा एपल का फोन

## आईफोन 13 है भारत में बनने वाला लेटेस्ट एपल मॉडल

नई दिल्ली / यूटर्नः एपल ने भारत में आईफोन 13 का प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। आईफोन की मैनुफैक्चरिंग चेन्नई के पास श्रीपेरंबुदुर में स्थित दुनिया की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर कंपनी फॉक्सकॉन के प्लांट में हो रही है। एपल इंडिया के एक प्रवक्ता ने एक्सक्लूसिव ईमेल स्टेटमेंट में ET को बताया कि, 'हम खूबसूरत डिजाइन, बेहतरीन फोटो और वीडियो लेने वाले एडवांस कैमरा सिस्टम और शानदार A15 बायोनिक चिप के साथ वाले आईफोन 13 को बनाने के लिए उत्साहित हैं। आईफोन 13 के साथ, कंपनी अब अपने



दो कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग पार्टनर फॉक्सकॉन और विस्ट्रॉन के जरिए लोकल लेवल पर अपने सभी टॉप सेलिंग मॉडल बनाती है। इसके तीसरे साझेदार पेगाट्रोन के भी इस महीने प्रोडक्शन शुरू करने की उम्मीद है, इसमें आईफोन 12 के साथ शुरुआत होगी। फॉक्सकॉन एपल के लिए आईफोन बनाती है। चेन्नई प्लांट में आईफोन 13 का प्रोडक्शन जनवरी से शुरू होना था, लेकिन फूड प्वाइजनिंग के बारे में महिला श्रमिकों द्वारा दिसंबर में विरोध के बाद एपल द्वारा प्रोडक्शन रोकने के बाद इसे स्थगित करना पड़ा। फॉक्सकॉन दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक कॉन्ट्रैक्टर कंपनी है जो कि एपल की प्रमुख सप्लायर भी है। पिछले कुछ सालों में कंपनी ने इलेक्ट्रिक व्हीकल और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में अपना दायरा बढ़ाया है। एपल ने 2017 में आईफोन SE के साथ भारत में आईफोन की मैनुफैक्चरिंग शुरू की और मौजूदा समय में आईफोन 11, आईफोन 12 और अब आईफोन का स्थानीय स्तर पर प्रोडक्शन करता है। इसके प्रो मॉडल में से कोई भी अभी भारत में नहीं बने हैं। क्यूपर्टिनो बेस्ड ने इस प्रकार लॉन्च- 24 सितंबर, 2021- और लेटेस्टआईफोन मॉडल के स्थानीय उत्पादन के बीच की समय सीमा को आठ महीने पहले से घटाकर छह से सात महीने कर दिया है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा से सभी तरह के लोन लेना होगा महंगा

नई दिल्ली / यूटर्नः सोमवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने अपने ग्राहकों को जोरदार झटका दिया है। दरअसल, बैंक से लोन लेना मंगलवार से महंगा हो जाएगा। बैंक की ओर से शेयर बाजार को दी गई सूचना में बताया गया है कि उसने ब्याज दर में बढ़ोतरी का फैसला किया है। दरों में यह वृद्धि 12 अप्रैल 2022 से लागू कर दी जाएगी। बैंक की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि उसने फंड की सीमांत लागत आधारित उधारी दरों (एमसीएलआर) में 0.05 फीसदी की बढ़ोतरी की है। इसके तहत एक साल की अवधि के लिए




एमएलसीआर बढ़कर 7.35 फीसदी करने का फैसला लिया गया है। इसी तरह एक रात की अवधि, एक महीने, तीन महीने और छह महीने के एमसीएलआर को 0.05 फीसदी बढ़ाकर क्रमशः 6.50 फीसदी, 6.95 फीसदी, 7.10 फीसदी और 7.20 फीसदी कर दिया गया है। यहां बता दें कि बैंक के एक साल के एमसीएलआर में बढ़ोतरी से पर्सनल लोन, ऑटो लोन और होम लोन महंगे हो सकते हैं।

## महंगाई अभी और बढ़ेगी, सीपीआई 16 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचने का अनुमान

नई दिल्ली / यूटर्नः एक रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है मार्च में भारत की खुदरा महंगाई 16 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच सकती है। इसके 6.35 फीसदी रहने का अनुमान जताया गया है, जो कि नवंबर 2020 के बाद सर्वाधिक आंकड़ा है। महंगाई का यह स्तर लगातार तीसरे महीने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लक्षित दायरे से ऊपर होगा। एक पोल के जरिए अर्थशास्त्रियों ने यह अनुमान जताया है। यह पोल चार से आठ अप्रैल तक किया गया। इसमें 48 अर्थशास्त्रियों के बीच पोल में संकेत मिले कि सालाना आधार पर मार्च में कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) यानी खुदरा महंगाई 6.35 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है, जबकि इससे पिछले महीने फरवरी में खुदरा महंगाई 6.07 फीसदी रही थी। रिपोर्ट के अनुसार, महंगाई बढ़ने की मुख्य वजह लगातार खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी है। यहां बता दें कि खुदरा महंगाई के मार्च महीने के नतीजे 12 अप्रैल मंगलवार को जारी किए जाएंगे। इसके 6.06 फीसदी और 6.50 फीसदी के बीच रहने का अनुमान जताया गया है। कुल मिलाकर, खुदरा महंगाई आरबीआई के छह फीसदी के ऊपरी लक्ष्य से ज्यादा रहने का अनुमान जताया जा रहा है। एएनजेड के अर्थशास्त्री धीरज निम ने कहा है कि जैसा कि फरवरी महीने तक लगातार तीन महीने खाद्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट के बाद अब इनके दाम फिर से बढ़ने लगे हैं तो हमारा सालाना आधार पर खुदरा मंहगाई 6.30 फीसदी रह सकती है।

# वर्ल्ड बैंक रिपोर्टः दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं पर युद्ध का बुरा असर, जीडीपी में आयेगी गिरावट

नई दिल्ली / यूटर्नः रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को 46 दिन बीत चुके हैं और इस बीच जहां यूक्रेन में शहर के शहर तबाह हो गए हैं तो दूसरी ओर रूस पर आर्थिक प्रतिबंधों की बौछार हो रही है। ऐसे में दोनों देशों के बीच जारी जंग से दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित हुई हैं।

वर्ल्ड बैंक ने हाल ही में जारी लेटेस्ट आर्थिक अपडेट में अनुमानित आंकड़े पेश करते हुए बताया है कि इससे किस देश को कितना नुकसान उठाना पड़ा है और जीडीपी में कितनी गिरावट आ सकती है। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध से यूक्रेन की अर्थव्यवस्था में इस साल 45.1 प्रतिशत तक की गिरावट का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस की ओर से यूक्रेन के



खिलाफ युद्ध और रूस पर पश्चिमी देशों का प्रतिबंध दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रहा है। इसमें कहा गया कि रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध ने तेज वैश्विक मंदी, बढ़ती मुद्रास्फीति व कर्ज, और गरीबी के स्तर में वृद्धि की बढ़ती चिंताओं में और भी इजाफा कर दिया है। ऐसे में यूरोप और मध्य एशिया क्षेत्र में उभरते बाजार और विकासशील देशों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस युद्ध ने दुनियाभर में नकारात्मक प्रभाव डाला है। कारोबारी गतिविधियों में रुकावट के चलते पूर्वी यूरोप क्षेत्र क जीडीपी में भी 30.7 फीसदी की भारी गिरावट आ सकती है। गौरतलब है कि पूर्वी यूरोप क्षेत्र में यूक्रेन, बेलारूस, किर्गीजस्तान और मोल्दोवा शामिल हैं। वर्ल्ड बैंक ने कहा है कि रूस और यूक्रेन के अलावा, बेलारूस, मोल्दोवा और ताजिकिस्तान के भी इस साल मंदी की चपेट में आने का अनुमान है। अर्थशास्त्रियों ने रिपोर्ट में बताया है कि यूरोप और मध्य एशिया क्षेत्र की अर्थव्यवस्था इस साल 4.1 प्रतिशत गिरने का अनुमान है। इससे पहले इसमें तीन फीसदी की कमी का अनुमान लगाया गया था।

# देश में ईंधन बिक्री 3 साल के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली/ यूटर्नः देश में ईंधन की मांग मार्च में 4.2 फीसद बढ़कर तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक पेट्रोल और डीजल की खपत महामारी से पहले के स्तर से ऊपर चली गई है।

मार्च में कुल पेट्रोलियम उत्पाद की खपत 19.41 मिलियन टन थी, जो मार्च 2019 के बाद सबसे अधिक है। COVID-19 महामारी की लहर के बाद मार्च में परिवहन ईंधन की मांग बढ़ी। डीजल, देश में सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला ईंधन है जो सभी पेट्रोलियम उत्पादों की खपत का लगभग 40 फीसद है, इसकी मांग 6.7 फीसद बढ़कर 7.7 मिलियन टन हो गई। पेट्रोल की बिक्री जो कुछ महीने पहले पूर्व-कोविड के स्तर को पार कर गई थी, 6.1 फीसद बढ़कर 2.91 मिलियन टन हो गई। मार्च में दोनों ईंधनों की मांग महामारी से पहले के स्तर से ऊपर थी।

मार्च में रसोई गैस (एलपीजी) की मांग 9.8 फीसद बढ़कर 2.48 मिलियन टन हो गई। 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में ईंधन की मांग 4.3 फीसद बढ़कर 202.71 मिलियन टन हो गई, जो वित्त वर्ष 2020 के बाद सबसे अधिक है।

## सोने के साथ-साथ चांदी की कीमत भी बढ़ी

नई दिल्ली / यूटर्नः सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को कीमती धातुओं के दाम में गिरावट का दौर थम गया। ऐसे में अगर आप सोने और चांदी के आभूषण खरीदने का मन बना रहे हैं तो आपके पास बेहतरीन मौका है। लेकिन घर ने निकलने से पहले इनके ताजा भाव जान लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज एमसीएक्स पर सोने की कीमत 0.11 फीसदी की तेजी के साथ 51,127 रुपये हो गई, जबकि चांदी के दाम में भी मामूली 0.14 फीसदी की उछाल के साथ 67,086 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया है। यहां बता दें कि आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है।



नई दिल्ली / यूटर्नः सोनिया गांधी व राहुल गांधी से मिले पंजाब कांग्रेस के प्रधान व अध्यक्ष। इस मौके पर उन्होंने राहुल गांधी को फूल भेंट किये।

### डीजीपी पंजाब द्वारा राज्य में लोगों की मौतों को कम करने के लिए पुलिस के साथ एकजुट होने का आह्वान

# गैंगस्टरों के खिलाफ़ कार्रवाई तेज़ करेगी, एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स: डीजीपी वी.के. भावरा



● पिछले वर्षों के दौरान हत्याओं के मामलों में गिरावट: डीजीपी पंजाब

चंडीगढ़ / लुधियाना / यूटर्न / 11 अप्रैल। (नवीन गोगना) नव-गठित गैंगस्टर विरोधी टास्क फोर्स (एजीटीएफ) के हरकत में आते ही डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब वी.के. भावरा ने आज राज्य के लोगों को पंजाब की शांति और सद्भावना को भंग करने और असुरक्षा की भावना पैदा करने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए पुलिस बल को सहयोग देने का आह्वान किया। गौरतलब है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के निर्देशों पर एडीजीपी प्रमोद बान के नेतृत्व में एजीटीएफ का गठन किया गया, जिससे ख़ुफिया जानकारी का प्रयोग करके और पंजाब पुलिस की क्षेत्रीय इकाईयों के तालमेल के साथ गैंगस्टरों के विरुद्ध कार्यवाही और तेज़ की जा सके। एजीटीएफ सीधे तौर पर डीजीपी पंजाब की निगरानी अधीन काम करेगी। अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डीजीपी वी.के. भावरा ने कहा कि राज्य में गैंग्स्टरों से सम्बन्धित कत्ल की वारदातों में वृद्धि होने संबंधी हाल ही में मीडिया रिपोर्टें सामने आई हैं, परन्तु वास्तव में पिछले दो वर्षों के मुकाबले इस वर्ष कत्ल की वारदातों के रुझान में कमी आई है। इस मौके पर डीजीपी के साथ एडीजीपी आंतरिक सुरक्षा आर.एन. ढोके और एडीजीपी प्रमोद बान, जोकि एजीटीएफ के प्रमुख हैं, भी उपस्थित थे। अपराध सम्बन्धी आंकड़ों के अनुसार राज्य में इस वर्ष लगभग 100 दिनों में 158 कत्ल हुए हैं, जिसके हिसाब से प्रतिमाह औसतन 50 कत्ल बनते है, जबकि पिछले वर्षों के दौरान, कत्ल की वारदातों की संख्या साल 2021 और साल 2020 में क्रमवार 724 और 757 थीं, जिसके साथ साल 2021 और साल 2020 के लिए औसतन प्रतिमाह कत्ल की वारदातों की संख्या क्रमवार 60 और 65 रही है। अपराध के ग्राफ को और नीचे लाने के लिए लोगों के सहयोग की माँग करते हुए डीजीपी ने कहा, ''पंजाब पुलिस राज्य में गैंगस्टरवाद को ख़त्म करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और इस दिशा में कोशिशें जारी रहेंगी। अधिक जानकारी देते हुए डीजीपी वी.के. भावरा ने बताया कि 1 जनवरी, 2022 से संगठित गिरोहों और अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पंजाब पुलिस की विभिन्न इकाईयों ने इन गतिविधियों में शामिल 16 गैंगस्टर माड्यूलों का पर्दाफाश किया है और इनमें शामिल 98 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से हथियारों का बड़ी खेप भी बरामद की गई है, जिसमें चार राईफलें और 68 पिस्तौल/रिवॉल्वर शामिल हैं। इसके अलावा इन अपराधियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 30 वाहनों को भी ज़ब्त किया गया है।

उन्होंने कहा कि राज्य में 2022 में 6 गैंगस्टर अपराधों से सम्बन्धित हत्याएँ हुई, जिनको पेशेवर ढंग से जाँच के उपरांत सुलझाया गया और इन मामलों में शामिल कुल 24 दोषियों को 7 पिस्तौलों, 18 कारतूसों और 7 वाहनों समेत गिरफ़्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह सभी अंधे कत्ल थे, जिनमें दोषियों की पहचान नहीं थी। उन्होंने आगे कहा कि बाकी दोषियों को भी जल्द गिरफ़्तार कर लिया जाएगा।

डीजीपी ने कहा कि इसके अलावा, साल 2022 के दौरान 9 कत्ल हुए थे, जिनसे आम लोगों में सनसनी फैल गई थी, का गैंग्स्टरों से कोई सम्बन्ध नहीं पाया गया। उन्होंने आगे कहा कि इन मामलों को भी सुलझा लिया गया है और इनमें शामिल ज्यादातर मुलजिम़ों को गिरप्तार कर लिया गया है।

## इंडियन आइडल अकादमी में संगीतमय शाम आयोजित



लुधियाना / यूटर्न / 11 अप्रैल। इंडियन आइडल अकादमी सिमिट्री रोड सिविल लाइन में संगीतमय शाम का आयोजन रविनंदन शर्मा व् सोनिया शर्मा की अध्यक्षता में किया गया.इस म्यूजिकल इवनिंग में युवाओं के साथ संगीत की शौकीन ग्रेहणियों और बड़ों ने भाग लिया जोकि भाग दौड़ की जिंदगी में अपने अरमान पीछे छोड़ आये और उनका यह सपना इंडियन आइडल प्लेटफार्म पर पूरा हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में देवकी देवी जैन कॉलेज की प्रोफेसर अंतिमा, रवि साहिल, इंजीनियर अनुज मदान, सर्व सलूजा, बलराम नंदा, पूजा नंदा, अनसूया शर्मा, मधु वर्मा, कोमल वर्मा विशेष रूप से पहुंचे जिनका एकेडमी के डायरेक्टर रविनंदन शर्मा व सोनिया रविनंदन शर्मा द्वारा स्वागत कर उन्हें विशेष रूप से सन्मानित किया। इस अवसर पर अकेडमी से लक्ष्मी, अनु, वंदना, विजय, तनु, सन्नी अरोड़ा, रवि, सचिन, प्रणव, देवांशी, अभिषेक, अविषेक गुप्ता, पूनम, कोमल वर्मा, नेहा आदि ने प्लेटफार्म पर अपनी संगीतमय परफॉर्मेंस दी। इस अवसर पर रविनंदन शर्मा ने कहा कि परिस्थतियों के चलते कई बार हमें अपने बहुत से शौंक दिल में ही दबाने पड़ते है परन्तु इस प्लेटफार्म पर हम उन सभी के सपने पूरा करने का प्रयास कर रहे है।

## अंतर्राष्ट्रीय बाजार का रुख करेंगे वूलन विंटर मैन्युफैक्चरर



2–5 जुलाई तक होगा LWMA फेयर



लुधियाना / यूटर्न / 11 अप्रैल। राष्ट्रीय बाजार में नेटवर्क मजबूत करने के बाद इंटरनेशनल बाजार में भी पकड़ मजबूत बनाने के लिए स्टैटजी केतहत काम किया जाएगा ताकि लुधियाना विंटर मैन्युफैक्चरर्स को अच्छा प्लेइंग फील्ड मिल सके। यह विचार लुधियाना वूलन मैन्यूफैक्चरर एसोसिएशन के प्रधान दर्शन डाबर व महासचिव संदीप धीर ने व्यक्त किए। सोमवार को आगामी विंटर बुकिंग संबंधी सतलुज क्लब में आयोजित मीटिंग के दौरान बोलते हुए प्रधान डाबर ने कहा कि विंटर फैशन गारमेंट में लुधियाना अपनी विशेष पहचान रखता हा इसीलए अब हम सरकारी स्कीमों की मदद से अतर्राष्ट्रीय बाजार में मार्केटिंग करेंगे। महासचिव संदीप धीर ने कहा कि इस बार 2-5 जुलाई तक छठा LWMA बुकिंग फेयर का आयोजन हयात रेजेंसी होटल में किया जाएगा। वर्ष 2022 का फेयर पिछले वर्षों के मुकाबले काफी बड़ा और ज्यादा प्रभावशाली होगा। चेयरमैन संजू धीर व केवल बुद्धि राजा ने कहा कि लुधियाना विंटर फेयर पूरे देश भर की मंडियों मैं अपनी विशेष पहचान बना चुका है। सोमवार की मीटिंग में आगामी फेयर संबंधी पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। ओस्टर समूह के सूरज सिंह ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा में लुधियाना फैशन इंडस्ट्री अंतर्राष्ट्री बाजार से बेहतरीन उत्पाद बना रही है। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जाने का मौका इंडस्ट्री को काफी प्रोत्साहित करेगा।

## नवचेतना बाल भलाई कमेटी ने तीन छात्राओं को वार्षिक छात्रवृत्ति व स्टेशनरी देकर किया सम्मानित




लुधियाना / यूटर्न / 11 अप्रैल। नवचेतना बाल भलाई कमेटी की बैठक सोमवार सर्किट हाउस में हुई, जिसमें मुख्य मेहमान के तौर पर विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू पहुंचे। प्रधान सुखधीर सेखों ने कहा कि सेशन 2022-23 के लिए तीन छात्राओं सिमरनजोत, पुनीत और लवलीन को वार्षिक छात्रवृत्ति, स्टेशनरी दे सम्मानित किया गया। शिक्षा विशेषज्ञ कीर्ति शर्मा और हरदेव कौर ने कहा कि साल 2022-23 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वालों को 1000 रुपये, 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वालों को 750 रुपये तथा 75 प्रतिशत से कम अंक पाने वालों को 500 रुपये महीना स्कालरशिप दी जाएगी। इस मौके पर परमजीत सिंह, कृष्ण हरी मोहन, मनदीप कौर, कंवलप्रीत सेखों, अनिल शर्मा मौजूद रहे।

## पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सीपी कौस्तुभ शर्मा से की मुलाकात



लुधियाना / यूटर्न / 11 अप्रैल। पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल ने राज्य महासचिव सुनील मेहरा, चेयरमैन पवन लहर, जिला प्रधान अरविदर सिंह मक्कड़ के नेतृत्व में जिले में बढ़ रहे अपराध को लेकर नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर कौस्तुभ शर्मा से मुलाकात की। इस मौके पर विभिन्न एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर कौस्तुभ शर्मा को बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सुनील मेहरा ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से जिले में अपराध तेजी से बढ़ रहा है। कुछ दिन पहले व्यापारी सौरव जैन पर हुए जानलेवा हमले और बीती शनिवार रात को केसरगंज मंडी से व्यापारी से हुई लूट से शहर के सभी व्यापारियों में दहशत का माहौल है। अभी तक सौरव जैन केस में कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। अरविदर सिंह मक्कड़ ने कहा कि पंजाब में बढ़ रहे अपराध को देखते हुए बाहर से कोई भी वह व्यापारी माल खरीदने नहीं आ रहा। अगर यही हालात रहे तो आने वाले दिनों में व्यापारी भीख मांगने पर मजबूर हो जाएंगे। आयुष अग्रवाल व प्रवीन शर्मा ने कहा कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था का बुरा हाल है। प्रतिदिन लगने वाले जाम से व्यापारी दुखी हैं। वहीं ट्रैफिक को कंट्रोल करने वाले लगाए कैमरे भी बंद पड़े हैं। इस मौके पर पुलिस कमिश्नर कौस्तुभ शर्मा ने सभी व्यापारियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही सौरभ जैन व केसरगंज मंडी में लूटपाट करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## क्रिएटिव लेडीज क्लब की ओर से बैसाखी सेलिब्रेशन का आयोजन













लुधियाना / यूटर्न / 11 अप्रैल। क्रिएटिव लेडीज क्लब की ओर से बैसाखी सेलिब्रेशन का आयोजन। इस दौरान मेंबर्स में पूरा उत्साह देखने को मिला। हरजीत कौर कोचर की अध्यक्षता में क्लब ने वर्ष की अपनी नई टीम की घोषणा की। नई टीम में सतिंदर टोनी को उपाध्यक्ष और विनयप्रीत कौर को सचिव बनाया गया। निदेशक सुरिंदर बंसल, चेयरपर्सन उपकार लांबा और बोर्ड के सदस्य कुलवंत भांबर, शशि खुल्लर, स्वीटी गुजराल और सतिंदर सोनी ने नए अध्यक्ष हरजीत कोचर के प्रयासों की सराहना की। क्लब मेंबर्स ने ढोल की थाप पर भांगड़ा परफॉरमेंस दी। कई मेंबर्स ने भगत सिंह पर एक प्ले भी पेश किया। जिसकी सब ने सराहना की।

# ग्लोरियस लेडीज क्लब की ओर से बालीवुड एवं पालीवुड थीम पर इवेंट का आयोजन










लुधियाना / यूटर्न / 11 अप्रैल। लुधियाना के ग्लोरियस लेडीज क्लब की ओर से बालीवुड एवं पालीवुड थीम पर इवेंट का आयोजन किया गया। जिसमें कोई मेंबर अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, कोई माधुरी दीक्षित तो कोई आलिया भट्ट की तरह ड्रेसअप होकर पहुंचे। इस दौरान फैशन शो का आयोजन किया गया, जिसमें मेंबर्स ने रैंप वाक की। मुख्य मेहमान के तौर पर पंजाबी गायक दीप ढिल्लों और जैसमीन जस्सी पहुंचे। मेंबर्स के टैलेंट को परखने के लिए शीतल घई, शालिनी गुप्ता, किरण नारंग, गायत्री, कायनात काजी, डिजाइनर इशी कौर निर्णायक के तौर पर पहुंचे। इवेंट में सोनिया मोदगिल विजेता रही, फर्स्ट रनरअप बानी रही और सेकंड रनरअप अंजली वाधवा और निधि फूंभक रही। इवेंट का आयोजन रुचिका थापर, सीमा रानी और मेधाश्री द्वारा करवाया गया। -फोटोः विशाल ढल्ल

### गर्मी में आग का कहर, जलने लगी फसल

# बरनाला के दो गांवों में दिखा आग का तांडव, 70 एकड़ से ज्यादा गेहूं की फसल खाक

## प्रशासन भेजेगा पंजाब सरकार को रिपोर्ट




बरनाला / यूटर्न / 11 अप्रैल। जैसे कि आशंका रहती है, यहां भीषण गर्मी के दौरान गांव ख्याली में आग लगने से दो किसानों की 10 एकड़ गेहूं की खड़ी फसल और दो एकड़ नाड़ जलकर खाक हो गई। दूसरी तरफ इलाके के गांव संघेड़ा में भी 50-60 एकड़ गेहूं की फसल जल गई। बताते हैं कि गांव ख्याली में आग लगने की खबर भी आग की तरह फैली तो आसपास के गांवों के लोग ट्रैक्टरों, मोटरसाइकिलों व गाड़ियों पर सवार होकर घटना स्थल पर पहुंच गए। आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका। इस संबंध में पटवारी निशान सिंह के मुताबिक कुलवंत सिंह की छह एकड़ व राम सिंह की तीन एकड़ सहित कुल 12 एकड़ रकबा आग लगने से जलकर खाक हो गई। इस आगजनी में फसल तबाह होने की रिपोर्ट पंजाब सरकार को भेजी जाएगी व किसानों को बनता मुआवजा दिलाया जाएगा। भाकियू कादियां के ब्लाक प्रधान गुरध्यान सिंह, पूर्व सरपंच राजा राम बग्गू ख्याली, भाकियू सिद्धुपूर के ब्लॉक प्रधान जगपाल सिंह सहजड़ा ने पंजाब सरकार से किसानों को 60 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग की।

इसी तरह गांव संघेड़ा में 50-60 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जानकारी देते गुरप्रीत सिंह भंगू संघेड़ा ने बताया कि गांव से गुजरती रेलवे लाइन नजदीक बन रहे ओवरब्रिज के पास निर्माण कार्य चल रहा है। जहां कट्टर से लोहे को काटा जाता है। जिसकी चिंगारी से ही गेहूं की फसल को आग लगी है। आग लगने का पता चलते ही बड़ी गिनती में गांव वासी मौके पर पहुंचे व ट्रैक्टरों से स्प्रे वाली टंकियों में पानी डालकर आग बुझाने लगे। कुछ समय तक फायर बिग्रेड की दो गाड़ियां भी मौके पर पहुंची व कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक पूरी फसल खत्म हो चुकी थी।

# जिला भाजपा 12 अप्रैल को लगाएगा विशाल रक्तदान कैम्प



लुधियाना / यूटर्न / 11 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रधान पुष्पेंद्र सिंगल ने प्रेस के नाम एक बयान जारी किया। जानकारी देते हुए पुष्पेंद्र सिंगल ने कहा कि भाजपा स्थापना दिवस (6 अप्रैल) और अम्बेडकर जयंती (14 अप्रैल) के उपलक्ष्य में भाजपा जिला लुधियाना द्वारा एक विशाल खूनदान कैम्प लगाया जा रहा है। यह कैम्प 12 अप्रैल दिन मंगलवार को तेरहपंथी जैन भवन, नजदीक संगला शिवाला लगाया जा रहा है। जिसमें भाजपा कार्यकर्ता समाज के प्रति अपनी जिम्मेवारी समझते हुए रक्तदान करेंगे। पुष्पेंद्र सिंगल ने कहा कि भाजपा 'सेवा ही संगठन' का नारा देती है और भाजपा का मकसद केवल राजनीती करना नहीं है बल्कि भाजपा समाज के प्रति अपनी जिम्मेवारी को बखूबी समझती है। इस कड़ी में 6 से 20 अप्रैल तक भाजपा लुधियाना द्वारा समाज सेवा के अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

# डिस्ट्रिक्ट चेस चैंपियनशिप में बच्चों ने दिखाए हुनर




लुधियाना / यूटर्न / 11 अप्रैल। शनिवार-रविवार को लोधी क्लब में एलडीसीए द्वारा आयोजित डिस्ट्रिक्ट चेस चैंपियनशिप 2022 के पहले भाग का आयोजन किया गया। प्रधान अरविंदर प्रीत सिंह, जनरल सेक्रेटरी मानव चावला, साक्षी अग्रवाल व गगनदीप कौर द्वारा विभिन्न एज ग्रुप प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लेते हुए अपना हुनर का प्रदर्शन किया। अंडर 9 ब्वायज में अव्या भाटिया 5 प्वाइंट, विद्या सागर मेहरोत्रा 4 प्वाइंट, शिवान सिक्का को 4 प्वाइंट मिले।

जबकि अंडर 9 गर्ल्स में साहिरा गुप्ता 3 प्वाइंट, हरिदा कौर 3 प्वाइंट, अगमजोत कौर 3 पवाइंट मिले। अंडर 13 ब्वायज में प्रणव बंसल को 4.50 प्वाइंट, गुनराज को 4 प्वाइंट, स्वैनिक अग्रवाल को 4 प्वाइंट मिले। अंडर 13 गर्ल्स में अस्मी ढंड 4.50 प्वाइंट, गुरुसरन कौर को 2 प्वाइंट मिले। अंडर 17 ब्वायज में चिन्मय जग्गा को 4.50 प्वाइंट, अंशुल




पर्मा को 3.50 प्वाइंट, गौरंग कुकल को 3 प्वाइंट मिले। प्रधान अरविंदर प्रीत सिंह के अनुसार प्रतियोगिता का अगला राउंड 16-17 अप्रैल को होगा।


## खबर जरा हटके

# हथेली पर बन रहा है यह निशान तो बेहद लकी हैं आप



हस्तरेखाशास्त्र के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति के हाथ पर अंग्रेजी के अक्षर 'H' जैसी आकृति बन रही हो तो इसे बहुत शुभ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि ऐसे व्यक्ति की किस्मत 40 साल की उम्र के बाद बदल जाती है। हस्तरेखाशास्त्र के अनुसार व्यक्ति की हाथ पर बनी रेखाएं और चिन्ह उसके भाग्य और आने वाले समय के बारे में बहुत कुछ बताती हैं। माना जाता है कि हमारी हथेली पर बनी रेखाएँ और निशान हमारे भाग्य और भविष्य में होने वाली घटनाओं के बारे में बताते हैं। हस्तरेखाशास्त्र के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति के हाथ पर अंग्रेजी के अक्षर 'H' जैसी आकृति बन रही हो तो इसे बहुत शुभ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि ऐसे व्यक्ति की किस्मत 40 साल की उम्र के बाद बदल जाती है। आइए जानते हैं हथेली पर इस चिन्ह के बनने का मतलब -हस्तरेखाशास्त्र के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति की हथेली में 'H' की आकृति बन रही है तो ऐसे लोग बहुत भाग्यशाली होते है। ऐसे लोगों को 40 साल की उम्र के बाद सफलता मिलती है। ऐसे लोगों की किस्मत 40 की उम्र के बाद बदल जाती है। इन्हें अपने जीवन में ऊंचा मुकाम हासिल होता है। जिन लोगों के हाथ में 'H' की आकृति बन रही हो, वे चाहे जितनी ही मेहनत कर लें उन्हें सफलता 40 की उम्र के बाद ही मिलती है। ऐसे लोगों का जीवन 40 की उम्र के बाद अचानक से बदल जाता है। ये लोग जीवन में सभी भौतिक सुख-सुविधाओं का सुख भोगते हैं। ऐसे लोग जीवन में खूब धन-संपत्ति कमाते हैं। समाज में इन्हें पद-प्रतिष्ठा मिलती है।

## आज का विचार




## कार्टून




## सामाजिक खिड़की से





# डोगरा शूटिंग केस में काले पानी की सजा पाने वाले महान क्रांतिकारी ठाकुर राम सिंह को 110वें जन्मदिन पर नमन

## आजादी के महानायक चंद्रशेखर आजाद के नजदीकी भी रहे स्वतंत्रता आंदोलन में

लुधियाना/यूटर्न/11 अप्रैल। देश के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 5 मई, 1934 को यूपी के मेरठ जिले में बहने वाली हिंडन नदी के किनारे एक आश्रम में कुछ आज़ादी के दीवाने एकत्र हुए। वहां उन्होंने अंग्रेज सरकार के अत्याचारों का मुहतोड़ जवाब देने के लिए हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन सेना नमक संगठन का गठन किया। अजमेर और ग्वालियर क्षेत्र का काम देखने के लिए प्रभारी ठाकुर राम सिंह बनाए गए। जुनूनी क्रांतिकारी राम सिंह अपने एक इंकलाबी साथी की पुलिस हिरासत में कथित आत्महत्या की घटना से इतने व्यथित हुए कि शहीद दोस्त पर अत्याचार करने वाले पुलिस अफसर डोगरा को उन्होंने जनवरी, 1935 गोली से उड़ा दिया।

फ़रवरी, 1935 में वह गिरफ्तार हुए और 12 साल काले-पानी की की सजा देकर 1936 में उन्हें अंडमान जेल भेज दिया गया। साल 1937 में उनका प्रात्यर्पण हुआ और 1941 में वह लखनऊ जेल से रिहा हुए। सन 1942 में भारत छोड़ो आन्दोलन में फिर गिरफ्तार कर लिए गए और देश के आजाद होने के बाद ही 1947 में फतेहगढ़ जेल से रिहा किए गए। महान क्रन्तिकारी चंद्रशेखर आजाद से भी राम सिंह का सम्पर्क रहा था। आपने अनेक क्रन्तिकारियों



के साथ आज़ादी के संघर्षों में उन्होंने जो योगदान दिया, उसे भुलाया नहीं जा सकता है। साम्यवादी मूल्यों के आदर्शो पर देश की मजबूती और सम्पन्नता का सपना देखने वाले इस महान सेनानी का संघर्ष आज़ादी के बाद भी जारी रहा और 25 माह से अधिक जेल में गुज़ारने पड़े। गरीब और मजदूरों की लड़ाई लड़ने के संकल्प के साथ उन्होंने विवाह नहीं किया। क्रन्तिकारी विचारो खासकर शहीद भगत सिंह और उनके दल के विचारों को के प्रचार प्रसार में अपने आप को समर्पित कर दिया। वह पहले कांग्रेस पार्टी के जुड़े, लेकिन जल्द ही उसकी नीतियों से मोहभंग हो गया और पचास के दशक में कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़ गए। बाद में पार्टी विभाजन के समय भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी में आ गए और अंतिम समय तक उसमें ही रहे। आगरा के ग्रामीण क्षेत्रों में लम्बे समय तक किसानों को संगठित करने का काम किया।

16 सितम्बर, 2009 को 98 वर्ष की आयु में उनका निधन हुआ। आज़ादी के बाद आगरा उनकी कर्म और संघर्ष भूमि थी। आगरा में शहीद स्मारक के निर्माण के लिए उन्होंने लम्बा संघर्ष किया। जिसके बाद ही शहीद स्मारक का निर्माण हुआ। आगरा का शहीद स्मारक उनके संघर्षो का का फल है । जहां आज भी उनके द्वारा स्थापित पुस्तकालय और वाचनालय चलने के साथ ही स्वतंत्रता आंदोलन के शहीदों के विचारों के प्रचार-प्रसार का काम जारी है। नेशनल बुक ट्रस्ट ने उनकी जीवन गाथा 'डोगरा-शूटिंग और मेरा जीवन संघर्ष' नाम से पुस्तक प्रकाशित की है।

# गूगल मैप लाया शानदार फीचर, वैकल्पिक मार्गों का भी होगा विकल्प

गूगल मैप में अब कई नई फीचर शामिल हैं, उपयोगकर्ता अब अपने द्वारा लिए जा रहे मार्ग के लिए अनुमानित टोल मूल्य देख सकते हैं। पहली बार, Google मैप्स टोल रोड दरों को प्रदर्शित करेगा, जिससे उपयोगकर्ताओं के लिए टोल सड़कों और पारंपरिक सड़कों के बीच चयन करना आसान हो जाएगा। यात्रा शुरू करने से पहले, उपयोगकर्ता अपने गंतव्य की यात्रा के लिए अपेक्षित टोल शुल्क की जांच कर सकेंगे। स्थानीय सरकारें Google को टोल शुल्क प्रदान करेंगी।

Google मैप्स टोल पास या अन्य भुगतान विधियों का उपयोग करने की लागत, सप्ताह के दिन और टोल गेट को पार करते समय टोल की लागत जैसे कारकों पर विचार करके अपेक्षित टोल मूल्य की गणना करेगा। यदि कोई टोल-फ़्री मार्ग उपलब्ध है, तो Google मैप्स उसे वैकल्पिक मार्गों की खोज में रुचि रखने वाले व्यक्तियों के लिए



टोल के विकल्पों के साथ दिखाएगा। इस महीने, ग्राहक आईओएस और एंड्रॉइड डिवाइस दोनों पर संयुक्त राज्य अमेरिका, भारत, जापान और इंडोनेशिया में लगभग 2,000 टोल राजमार्गों के लिए सुविधा का उपयोग करने में सक्षम होंगे। Google मैप्स उन लोगों के लिए वैकल्पिक टोल-फ़्री मार्ग प्रदान करना जारी रखेगा जो उन्हें एक्सप्लोर करना चाहते हैं।

### इस्तेमाल कैसे करें


- बस दिशाओं के ऊपरी दाएं कोने में तीन बिंदुओं पर टैप करें 'रूट विकल्प' चुनें
- 'रूट विकल्प' में वर्तमान में 'मोटरवे से बचें', 'टोल से बचें' और 'फ़्रेरी से बचें' है
- नए अपडेट के बाद एक और विकल्प मिलेगा 'टोल पास की कीमतें देखें'
- यदि आप टोल मार्गों से पूरी तरह बचना चाहते हैं तो 'टोल से बचें' का चयन करें
- सेटिंग्स पर टॉगल करके कोई भी भविष्य की यात्राओं के लिए सेटिंग रख सकता है।

उपयोगकर्ता मार्ग का चयन कर सकते हैं और Google Maps के ऊपरी दाएं कोने में तीन बिंदुओं पर एक साधारण टैप के साथ टोल विकल्पों से बच सकते हैं। आईओएस उपयोगकर्ताओं के लिए हाल के उन्नयन के लिए धन्यवाद, Google Maps अब Apple वॉच या iPhone पर उपयोग करना आसान है। नया पिन किया गया विजेट उपयोगकर्ताओं को अपने गो टैब में सीधे अपनी आईओएस स्क्रीन से अपनी पिन की गई यात्रा देखने की अनुमति देता है। वे अपनी सार्वजनिक परिवहन यात्रा के लिए आगमन समय और अगले प्रस्थान समय के साथ-साथ ड्राइविंग करते समय प्रस्तावित मार्ग भी देख सकते हैं। Apple वॉच के उपयोगकर्ता जल्द ही अपने iPhones पर नेविगेशन शुरू किए बिना Google मानचित्र पर दिशा-निर्देश प्राप्त करने में सक्षम होंगे। जब वे अपने Apple वॉच पर Google मैप्स शॉर्टकट पर टैप करेंगे तो नेविगेशन तुरंत शुरू हो जाएगा। ऐप्पल वॉच में 'टेक मी होम' फंक्शन को भी जोड़ा जा सकता है। कुछ हफ़्तों में, यह और साथ ही अन्य कार्यक्षमता उपलब्ध हो जाएगी। गूगल मैप्स को आईओएस स्पॉटलाइट, सिरी और शॉर्टकट ऐप से जोड़ा जाएगा।

# सरसों के फेस पैक से स्किन को मिलते हैं यह जबरदस्त फायदे

अमूमन लोग अपनी स्किन की केयर करने के लिए तरह-तरह के उपाय अपनाते हैं, लेकिन अपनी ही किचन में मौजूद मामूली समझी जाने वाली चीजों पर उनका ध्यान ही नहीं जाता है। इन्हीं में से एक है सरसों। जिसका तेल व दानों दोनों को ही महिलाएं अपनी कुकिंग में इस्तेमाल करती हैं। लेकिन वास्तव में यह आपकी स्किन के लिए भी उतनी ही लाभदायक है। आप इसके दानों को पीसकर इसका फेस पैक स्किन पर लगाया जा सकता है। यह आपकी स्किन को एक नहीं, बल्कि कई तरह से लाभ पहुंचाता है। स्किन को एक्सफोलिएट करने से लेकर एंटी-एजिंग के रूप में सरसों काम करती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको सरसों के फेस पैक से स्किन को होने वाले कुछ फायदों के बारे में बता रहे है-

गर्मी का मौसम ऑयली स्किन के लिए काफी



परेशानी भरा होता है, क्योंकि इस मौसम में आवश्यकता से अधिक तेल का स्त्राव होता है। जिससे ना केवल स्किन चिपचिपी नजर आती है, बल्कि स्किन के पोर्स क्लॉग होने के कारण एक्ने व ब्रेकआउट्स की समस्या हो जाती है। लेकिन सरसों का फेस पैक स्किन पर अप्लाई करने से अतिरिक्त सीबम उत्पादन को नियंत्रित किया जा सकता है। अगर सरसों को हल्का दरदरा पीसा जाए तो यह एक बेहतरीन स्क्रब के रूप में काम करता है। आप इसे शहद और चावल का आटा के साथ मिक्स करके एक फेस स्क्रब बना सकती हैं और इसे अपनी स्किन को एक्सफोलिएट कर सकती हैं। सरसों के फेस पैक के इस्तेमाल का एक लाभ यह भी है कि यह आपकी एजिंग प्रोसेस का स्लो डाउन करता है और आपकी स्किन को अधिक फर्म बनाता है। जिसके कारण आपकी स्किन अधिक यंगर नजर आती है। दरसअल, सरसों के बीज कैरोटीन और ल्यूटिन का एक बेहतरीन स्त्रोत माने जाते हैं, जो आपकी स्किन को फाइन लाइन्स और झुर्रियों से बचाने में मदद करते हैं। अगर आप अपनी स्किन को नेचुरली अधिक ग्लोइंग बनाना चाहती हैं तो आपको सरसों के फेस पैक को अपनी स्किन पर अप्लाई कर सकती हैं।

# वेस्टइंडीज और अमेरिका करेंगे टी-20 वर्ल्ड कप 2024 की मेजबानी

## आईसीसी की बैठक में हुआ फैसला, पहली बार २0 टीमें लेंगी भाग





नई दिल्ली / यूटर्नः 2024 में होने वाली टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी अमेरिका और वेस्टइंडीज करेंगे। रविवार को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की हुई बैठक में इस फैसला लिया गया है। वहीं पहली बार 20 टीमें भाग लेंगी। अमेरिका और वेस्टइंडीज को मेजबान देश होने की वजह से सीधे एंट्री मिलेगी। अमेरिका की टीम पहली बार क्रिकेट की किसी फॉर्मेट की वर्ल्ड कप में खेलेगी।

मीडिया रिपार्ट के मुताबिक 2024 में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में 20 टीमें भाग लेंगी। इनमें से 12 टीमों को डायरेक्ट एंट्री मिलेगी। इसमें ऑस्ट्रेलिया में इस साल होने वाली टी-20 वर्ल्ड कप की टॉप-8 टीमों को डायरेक्ट एंट्री दी जाएगी। अमेरिका और वेस्टइंडीज को मेजबान होने की वजह से सीधा प्रवेश मिलेगा। वहीं बाकी की 2 दो टीमों का फैसला इस साल 14 नवंबर तक टॉप रैंकिंग में रहने वाली टीमों के आधार पर होगा। वहीं वेस्टइंडीज टीम अगर इस साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के टॉप-8 में शामिल रहती है तो फिर रैंकिंग के आधार पर टॉप-2 की जगह टॉप-3 टीमों को जगह दिया जाएगा।8 टीमों का फैसला रीजनल क्वालिफायर्स के आधार पर बाकी आठ अन्य टीमों का फैसला रीजनल क्वालिफायर्स के आधार पर किया जाएगा। एशिया, अफ्रीका और यूरोप की टॉप-2 टीमें वर्ल्ड कप में खेलेंगी जबकि, अमेरिका और ईस्ट एशिया पेसिफिक की एक-एक टीम को इसमें भाग लेने का मौका मिलेगा। पहली बरी महिलाओं का अंडर-19 वर्ल्ड कप साउथ अफ्रीका में 2023 में आयोजित किया जाएगा। यह टी-20 फॉर्मेट में होगा। इसमें 16 टीमें भाग लेंगी। वहीं 2023 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप भी साउथ अफ्रीका में ही खेला जाएगा।

वहीं 2024 में होने वाली विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में आठ टीमों को डायरेक्ट एंट्री मिलेगी। इस वर्ल्ड कप में 10 टीमें भाग लेंगी। 8 डायरेक्ट एंट्री करने वाली टीमों में 6 टीमें 2023 में होने वाली टी-20 वर्ल्ड कप के दोनों ग्रुप में टॉप-3 में रहने वाली टीमें होंगी। वहीं एक मेजबान टीम होगी, जबकि दूसरी टीम का चयन रैंकिंग के आधार पर किया जाएगा। बाकी की दो टीमों का फैसला क्वालिफाइंग इवेंट से किया जाएगा।

# ब्रा पहनकर श्वेता शर्मा ने शेयर की तस्वीरें



भोजपुरी अभिनेत्री श्वेता शर्मा अपनी बोल्डनेस दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती। अभिनेत्री अक्सर अपने बोल्ड लुक्स से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। इसी कड़ी को जारी रखते हुए एक बार फिर हॉट अदाकारा श्वेता शर्मा सोशल मीडिया के जरिये लोगों पर कहर ढाती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में अपनी कुछ सेक्सी तस्वीरें शेयर करके लोगों के दिलों में आग लगा दी है। भोजपुरी अभिनेत्री श्वेता शर्मा ने हाल ही में लेटेस्ट फोटोशूट करवाया है, जिसकी ढेर सारी तस्वीरें उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, "अपने दिमाग पर राज करो वरना यह तुम पर राज करेगा। इन तस्वीरों में श्वेता शर्मा ने लाइट ग्रे कलर की ब्रा पहनी हुई है इसको उन्होंने क्रीम कलर की पैंट के साथ केरी किया हुआ है। अपने लुक को कम्पलीट करने के लिए श्वेता ने मिनिमम मेकअप किया हुआ है इसके साथ ही उन्होंने गले और हाथों में एंटीक ज्वेलरी भी पहनी हुई है। इस लुक में अभिनेत्री श्वेता शर्मा काफी हॉट लग रही हैं और हमेशा की तरह फोटो के लिए बेहद ही सेक्सी पोज देती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री की इन तस्वीरों पर अबतक हजारों लोग अपना दिल हार बैठे हैं। सेक्सी और हॉट जैसे कमेंट के साथ फैंस अभिनेत्री के हॉट लुक्स की तारीफ करते नजर आ रहे हैं। अभिनेत्री श्वेता शर्मा भोजपुरी गाने 'गजब करिहइया' में भोजपुरी स्टार रितेश पांडे के साथ नजर आयी थीं। 'गजब करिहइया' में काम करने के बाद श्वेता शर्मा लोगों की नजरों में आ गयी थी। श्वेता शर्मा और रितेश पांडे की जोड़ी काफी हिट हुई थी और लोगों ने दिल खोलकर दोनों पर प्यार लुटाया था।



# ईशा ने फ्लॉन्ट किये अपने परफेक्ट कर्व्स



बॉलीवुड की खूबसूरत और सेक्सी हसीना ईशा गुप्ता पिछले कुछ समय से बड़े पर्दे पर नजर नहीं आई हैं। पर इसकी वजह से अभिनेत्री की स्टारडम कम नहीं हुई हैं। ईशा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी हॉट तस्वीरें शेयर करके लोगों को आहें भरने पर मजबूर कर देती हैं। ईशा का बोल्ड अवतार उनकी फैन फॉलोविंग की एक बड़ी वजह हैं और अभिनेत्री भी अपने चाहने वालों को निराश नहीं करती हैं। हमेशा अपनी बोल्डनेस से लाइमलाइट में रहने वाली ईशा गुप्ता एक बार फिर से इंटरनेट पर सुर्खियां बटोर रही हैं। बीते दिन यानि शनिवार को अभिनेत्री ईशा गुप्ता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की। अपनी इन हॉट तस्वीरों को शेयर करते हुए ईशा ने कैप्शन में लिखा, "इसके लिए यहाँ।"तस्वीरों में अभिनेत्री ईशा गुप्ता ने ब्लैक कलर का बॉडीकॉन गाउन पहनें नजर आ रही हैं। अपने लुक को कम्पलीट करने के लिए बॉडीकॉन गाउन के ईशा ने लाइट मेकअप किया हुआ है, स्टाइलिश चोटी बनाकर बालों को बांध रखा है और कानों में ब्लैक एंड व्हाइट कलर के राउंड इयररिंग्स पहनें हुए हैं। इस बॉडीकॉन गाउन में अभिनेत्री काफी हॉट लग रही हैं और उनके कर्व्स भी काफी सेक्सी नजर आ रहे हैं। अभिनेत्री के फैंस उनके हॉट अवतार पर फ़िदा हो गए हैं और आग वाले इमोजी के साथ अपने रिएक्शन कमेंट कर रहे हैं। प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो ईशा गुप्ता फिल्म देसी मैजिक से जल्द ही बड़े पर्दे पर वापसी करने वाली है। इसके अलावा अभिनेत्री हेरा फेरी 3 में भी नजर आएँगी।

# रश्मि देसाई ने इंस्टाग्राम पर फॉलो किया 'धूम तक तक धूम तक' ट्रेंड

टीवी एक्ट्रेस रश्मि देसाई की लोकप्रियता बिग बॉस में आने के बाद से और ज्यादा बढ़ गई है। रश्मि अपने फैशन सेंस और बोल्ड लुक्स के कारण अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वे अपनी बोल्ड तस्वीरें अक्सर सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। हाल ही में रश्मि में इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वे 1..2..3..4..धूम तक धूम तक वाला ट्रेंड फॉलो करती नजर आ रही है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

इस वीडियो में रश्मि ने अपने हॉट लुक का मोंटाज बना कर इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इन तस्वीरों में रश्मि ने अलग अलग आउटफिट्स में अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। रश्मि का यह वीडियो उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है। रश्मि के फैंस उनके इस वीडियो पर जमकर लाइक और कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, "सुपर स्टनिंग लग रही हैं।" एक दूसरे फैन ने कमेंट किया, " सबसे खूबसूरत।" वहीं, एक फैन ने रश्मि और उमर रियाज के रिलेशनशिप पर कमेंट करते हुए लिखा,हमें याद आ रहा है #umrash यह इतनी जल्दी नहीं टूट सकता सच्चा वास्तविक बंधन कृपया वापस उमर का अनुसरण करें और हमेशा के लिए दोस्त बनें और नफरत करने वालों का मुंह बंद करें और नकारात्मकता को अनदेखा करें। वहीं, कुछ दिनों पहले, रश्मि ने अपने लेटेस्ट म्यूजिक वीडियो 'परवाह' से एक फोटो शेयर की थी और फैंस से उनके लुक पर प्रतिक्रिया साझा करने के लिए कहा था। उन्होंने इस पोस्ट में कलर ब्लॉक्ड पैंट के साथ नियॉन ऑरेंज क्रॉप टॉप पहना था। गले सोने की चेन और स्टाइलिश हेयरस्टाइल के साथ रश्मि इस ओउटफिट में बेहद हॉट लग रही थीं। उन्होंने कैप्शन दिया था, "आप इस लुक के बारे में क्या सोचते हैं?



खुद बोलती तस्वीर



आर्टिस्ट रॉय कन्नथाली की शानदार थ्री-डी पेंटिंग...

एमपी के खरगोन में सांप्रदायिक हिंसा

# 30 मकान-दुकान फूंकी, 70 परिवारों को घर छोड़ना पड़ा, दंगाइयों के घर चला बुलडोजर

खरगोन / यूटर्न: मध्यप्रदेश के खरगोन में श्रीराम शोभायात्रा पर रविवार शाम को तालाब चौक के पास पथराव किया गया। उपद्रवियों ने 30 से ज्यादा दुकानों और मकानों में आग लगा दी। रात करीब 9 बजे मामला कुछ शांत हुआ, लेकिन देर रात 12 बजे फिर हिंसा भड़क गई। आनंद नगर, संजय नगर मोतीपुरा में घर फूंक दिए गए। कुछ घरों में लूटपाट भी की गई। इससे 70 से अधिक परिवारों को घर छोड़कर दूसरी जगह जाना पड़ा। इस घटना में 10 पुलिसकर्मी और 20 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। SP सिद्धार्थ चौधरी के बाएं पैर में गोली लगी है। वहीं, पुलिस ने सोमवार सुबह तक 70 उपद्रवियों को हिरासत में लिया है। पुलिस-प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। इधर, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घटना का दुर्भाग्यपूर्ण कहा है। CM ने कहा- किसी दंगाई को नहीं छोड़ेंगे। उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। दंगाई चिह्नित कर लिए गए हैं। जिन्होंने पत्थर चलाए, संपत्ति को नुकसान पहुंचाया, उनसे सार्वजनिक या निजी संपत्ति के नुकसान की वसूली भी करेंगे। CM के आदेश के बाद खरगोन में मोहन टाकीज इलाके में दंगाइयों के मकान तोड़ने का काम प्रशासन ने शुरू कर दिया है। हिंसा में घायल शिवम पिता पुरुषोत्तम (16) निवासी जमींदार मोहल्ला को रात में इंदौर के एक निजी अस्पताल में एडमिट किया गया है। उसके सिर में गंभीर चोट है। परिजन जब उसे इंदौर ला रहे थे, तब वह होश में था। लेकिन, फिर उसकी हालत बिगड़ती गई। उसका रात में ही ऑपरेशन किया गया, लेकिन उसे होश नहीं आया है। किशोर को वेंटिलेटर पर रखा गया है। पथराव की सूचना पर रविवार शाम 7.45 बजे सांसद गजेंद्र सिंह पटेल और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम महाजन सराफा और भाटवाड़ी पहुंचे। इस दौरान वहां पथराव और आगजनी होने लगी। इसके बाद दोनों सीधे कोतवाली पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद कर्मचारियों से कहा कि जल्दी पुलिस बल भेजो।



### जिन घरों से पथराव हुआ है, उन्हें पत्थर का ढेर बनाएंगे

इस घटना पर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि जिन घरों से पथराव हुआ है, उन्हें ही पत्थर का ढेर बनाएंगे। अब खरगोन में शांति है। वहां पर्याप्त पुलिस बल मौजूद है। भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय और प्रभारी मंत्री कमल पटेल ने ट्वीट कर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही। इस घटनाक्रम से शोभायात्रा स्थगित कर दी गई थी। कलेक्टर ने पहले पांच इलाकों में कर्फ्यू लगाया, लेकिन देर रात जब हालात काबू नहीं हुए तो पूरे शहर में कर्फ्यू लगा दिया।

पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों पर बोले नीतीश

# हो सकता है कुछ दिन बाद स्थिति सामान्य हो जाए

पटना / यूटर्न: पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी जारी है। यही कारण है कि देश में जरूरी चीजों की भी कीमत बढ़ गई हैं। आम आदमी पर महंगाई का मार पड़ रहा है। इन सबके बीच बिहार में भी लगातार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है। उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों में हुए चुनावी नतीजों के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगा समझ बढ़ रही है। यही कारण है कि सरकारों की भी खूब आलोचना हो रही है। आज पटना में जनता दरबार के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर सवाल पूछा गया। जिसके जवाब में नीतीश कुमार ने साफ तौर पर कहा कि हो सकता है कि कुछ दिन बाद स्थिति सामान्य हो जाए। अपने बयान में नीतीश ने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर हमने कुछ महीने पहले राहत दिया था। कोई चीज अगर इतना बढ़ जाए तो हमारे पास तत्काल कहां है, इतना संसाधन कि हम तुरंत कुछ कर सकें। जरूर तेल की बढ़ती कीमतों पर केंद्र सरकार जल्द कुछ सोचेगी। हो सकता है कुछ दिन के बाद स्थिति सामान्य हो जाए। हालांकि अच्छी बात तो यह है कि आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं की गई है।



## दुष्कर्म और हत्या मामले में सीबीआई जांच की मांग

कोलकाता/ यूटर्न: पश्चिम बंगाल के हांसखाली में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के मामले में सियासत गरमा गई है। भारतीय जनता पार्टी ने जहां मंगलवार को 12 घंटे के बंद का आह्वान किया है, वहीं वकील अनिंद्या सुंदर दास ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर इस मामले में सीबीआई जांच की मांग की है। वहीं इस मामले में दिया जिले के हंसखाली में तृणमूल कांग्रेस के एक जाने-माने नेता के बेटे को नाबालिग लड़की से कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, चार अप्रैल की रात को आरोपी ने लड़की को अपना जन्मदिन मनाने के लिए अपने आवास पर आमंत्रित किया था। केक काटने के बाद उसे शराब पिलाई गई फिर दुष्कर्म किया गया।

# रोप-वे हादसा: वायुसेना ने 22 श्रद्धालुओं को निकाला


देवघर / यूटर्न: झारखंड के देवघर में त्रिकुट पहाड़ के रोप-वे पर हादसे में 23 घंटे बाद भी 26 जिंदगियां फंसी हुई हैं। इन्हें निकालने के लिए सेना, वायुसेना और NDRF ने मोर्चा संभाल हुआ है। सोमवार दोपहर 12 बजे MI-17 हेलिकॉप्टर की मदद से दोबारा रेस्क्यू शुरू किया गया। अब तक 22 श्रद्धालुओं को बचाया गया। अब तक दो लोगों की मौत हो गई। रविवार की शाम 4 बजे हादसा तब हुआ जब पहाड़ पर बने मंदिर की तरफ एक साथ 26 ट्रॉलियां रवाना कीं। जिससे तारों पर अचानक लोड बढ़ा और रोलर टूट गया। तीन ट्रॉलियां पहाड़ से टकरा गई। इससे दो ट्रॉलियां नीचे गिर गई। इनमें सवार 12 लोग जख्मी हो गए और दो लोगों की मौत हो गई। उधर, बाकी ट्रॉलियां आपस में टकराकर रुक गई। अभी 18 ट्रॉलियां फंसी हुई हैं, जिसमें अब भी 26 लोग सवार हैं। इनमें छोटे बच्चे और महिलाएं भी हैं। डर खत्म करने एक-दूसरे से बात करते रहे करीब 48 लोग पूरी रात इन ट्रॉलियों में भूखे-प्यासे फंसे रहे। रेस्क्यू किए गए लोगों ने बताया कि डर खत्म करने के लिए हम एक दूसरे से बात करते रहे। हम सभी पूरी रात सो नहीं पाए। भगवान से प्रार्थना कर रहे थे कि कैसे भी हम बच जाएं। सोमवार सुबह सेना ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। सुबह करीब साढ़े छह बजे वायु सेना का हेलिकॉप्टर पहुंचा।



हैकरों के निशाने पर सरकारी अकाउंट

# यूपी सरकार का ट्विटर हैंडल हैक

लखनऊ/ यूटर्न: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यालय का ट्विटर अकाउंट हैक होने के तीन दिन बाद अब सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार का आधिकारिक ट्विटर हैंडल भी हैक कर लिया गया है। जिस तरह से एक के बाद सरकार से जुड़े ट्विटर अकाउंट हैक हो रहे हैं वह इनकी सिक्योरिटी पर भी सवाल खड़ा करते हैं। इसके साथ ही सवाल यह भी उठ रहा है कि इससे हैकर क्या हासिल करना चाहते हैं। हालांकि एक घंटे से भी कम समय में यह ट्विटर हैंडल रीस्टोर कर लिया गया, लेकिन इसके बावजूद सवाल यही बना हुआ है कि कैसे सरकार ट्विटर हैंडल को हैकर इतनी आसानी से निशाना बना लेते हैं। पंजाब कांग्रेस का ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट हैक हो गया है। हैकर्स ने हैंडल की डीपी रिमूव कर दी है। वहीं बैकग्राउंड वाली तस्वीर बदल दी गई है। इसके साथ ही सैकड़ों यूजर्स को टैग करके कई सारे ट्वीट भी कर दिए हैं। हैकर्स ने हैंडल को हैक करके इस पर एनएफटी ट्रेडिंग शुरू कर दी है। इसमें एक पिन किया गया संदेश दिखाई दे रहा है जो किसी एनएफटी ट्रेडिंग से जुड़ा है। हैकर्स ने लगभग 45 मिनट में 100 से अधिक ट्वीट पोस्ट किए।



# राज्य वित्त से मिलने वाली मदद होगी बंद जनता पर बढ़ेगा ज्यादा गृहकर का बोझ

लखनऊ / यूटर्न: नगर निगम को राज्य वित्त से मिलने वाली मदद बंद करने को लेकर अंदरूनी तैयारी चल रही है। यह मदद बंद हुई तो शहरवासियों पर गृहकर का बोझ बढ़ना तय है। नगर निगम प्रशासन पहले ही कई साल से गृहकर बढ़ाने की कोशिश में लगा है, लेकिन बीच-बीच में चुनाव आ जाने से ऐसा नहीं कर सका। निगम पर पहले से ही करीब 300 करोड़ की देनदारी है। ऐसे में राज्य वित्त में कटौती शहरवासियों पर गृहकर का बोझ बढ़ा सकती है। कर्मचारियों के वेतन-पेंशन को छोड़कर नगर निगम को सफाई, मार्ग प्रकाश, पार्षद कोटा आदि पर ही 600 करोड़ से अधिक खर्च करना पड़ता है। वहीं, आय करीब 400 करोड़ के आसपास है। ऐसे में यदि राज्य वित्त का पैसा न आए तो कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पाएगा। करीब 300 करोड़ की देनदारी और शहर के रखरखाव पर बढ़ते खर्च को देखते हुए नगर निगम प्रशासन पिछले पांच साल से गृहकर बढ़ाने के प्रयास में है, लेकिन राजनीतिक दबाव के चलते गृहकर नहीं बढ़ा। अब राज्य वित्त में कटौती हुई तो गृहकर बढ़ना तय है। वर्ष 2010 में गृहकर का रिवीजन किया गया था। उसके बाद अब तक उन्हीं दरों पर गृहकर वसूल किया जा रहा है, जबकि नगर निगम अधिनियम में हर दो साल पर गृहकर रिवाइज करने का प्राविधान है। ऐसे में नगर निगम की आय में बढ़ोत्तरी नहीं हो पा रही है। बीते साल भाजपा पार्षद व कार्यकारिणी सदस्य साधाना वर्मा ने महापौर को पत्र लिखकर सवाल भी उठाया था कि जब दो साल में गृहकर रिवाइज करने का प्रावधान है तो वह अब तक क्यों नहीं किया गया। उसके बाद कार्यवाही शुरू हुई, लेकिन कोरोना व अन्य कारणों से मामला दब गया।




Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma